आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

05.06.2024 समय : 1850

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की और अपने मंत्री परिषद् के सदस्यों के साथ अपना त्यागपत्र सौंपा।
- अटठारहवीं लोकसभा के गठन के लिए द्वीपसमूह से निर्वाचित भारतीय जनता पार्टी के सदस्य बिष्णु पद रे ने कहा कि वे द्वीपों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करते रहेंगे।
- आज विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर द्वीपसमूह के कई भागों में कार्यक्रम आयोजित किए गए।
- दक्षिण अंडमान ज़िले के सभी नौ पुलिस थानों, तीन उप–विभागीय पुलिस अधिकारियों के कार्यालयों और ज़िला पुलिस अधीक्षक के कार्यालय को आई एस ओ प्रमाणन प्राप्त हुआ है।
- ग्रेट निकोबार द्वीप में ग्रीन फील्ड अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा परियोजना के लिए सामाजिक असर आंकलन रिपोर्ट का मसौदा जमा किया गया है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की और अपने मंत्री परिषद् के सदस्यों के साथ अपना त्यागपत्र सौंपा। राष्ट्रपति ने उनका त्यागपत्र स्वीकार करते हुए श्री नरेन्द्र मोदी और उनके मंत्री परिषद् से नई सरकार के कार्यभार संभालने तक काम करने का अनुरोध किया।

इस बीच, राष्ट्रपति ने सत्रहवीं लोकसभा को तुरंत प्रभाव से भंग कर दिया है।

<><><><><><><>

अटठारहवीं लोकसभा के गठन के लिए द्वीपसमूह से निर्वाचित भारतीय जनता पार्टी के सदस्य बिष्णु पद रे ने कहा कि वे द्वीपों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करते रहेंगे। आकाशवाणी समाचार के साथ एक विशेष भेंट में उन्होंने सभी मतदाताओं, पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि उनके सहयोग के बिना ये संभव नहीं था। उन्होंने कहा कि जनता ने जो विश्वास उन पर जताया है और उन्हें विजयी बनाया है, वे उनके इस विश्वास को कायम रखते हुए जनता के हित के लिए कार्य करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि द्वीपवासियों को अपनी भूमि का स्वामित्व प्राप्त हो इसके लिए वे प्रयास करेंगे। इसके अलावा स्थानीय लोगों को हर क्षेत्र में प्राथमिकता मिले इसके लिए भी वे प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि बिजली, पानी, सड़क जैसे मूलभूत सुविधाओं के अलावा अनिशि योजना के प्रभावी कियान्वयन की दिशा में वे काम करेंगे। उन्होंने बुद्धिजीवियों और समान विचारधारा के लोगों से पार्टी से जुड़कर द्वीपसमूह और देश के विकास में अपना योगदान देने का अनुरोध किया।

<><><><><><><>

इस बीच, भाजपा के राज्य सचिव के परमाशिवम ने लोकसभा चुनाव जीतने पर श्री बिष्णु पद रे को बधाई देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में द्वीपसमूह के विकास को काफी बल मिलेगा और कई परियोजनाओं के साथ द्वीपवासियों की इच्छाओं की पूर्ति होगी।

<><><><><><><>

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आज मध्योत्तर अंडमान जिले में कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिला प्रशासन, पर्यावरण तथा वन विभाग और कृषि विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित कार्यकम के दौरान ज़िले के तीनों उप–मंडलों में सड़क किनारे और ग्राम पंचायत भवनों तथा अमृत सरोवर स्थल पर वृक्षारोपण किए गए। सोलह सौ से अधिक बीज इन क्षेत्रों में रोपे गए। ज़िला उपायुक्त कार्यालय में सहायक आयुक्त मुख्यालय आशीष

जून और जिला कार्यालय के अन्य अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने फलदार पौधे लगाए। इसके अलावा मानसून के दौरान जिले में वृक्षरोपण अभियान के साथ–साथ सफाई अभियान भी जारी रहेगा।

इस बीच, कैम्पबेल–बे वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर तीस पौधे लगाए गए। स्कूली विद्यार्थियों द्वारा रैली निकाली गई और वन रेंजर प्रमोद सिंह ने दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। करीब सत्तर विद्यार्थी कार्यक्रम में शामिल हुए।

उधर, केन्द्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान कार निकोबार के कृषि विज्ञान केन्द्र की ओर से पेरका गांव में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। ज़िला उपायुक्त ज्योति कुमारी इस अवसर पर मुख्य अतिथि थी। कार्यक्रम में पचास किसानों ने वृक्षारोपण किया।

इस बीच, पर्यावरण और वन विभाग के सहयोग से पोर्ट ब्लेयर के इग्नू केन्द्र में भी पर्यावरण दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम का उद्‌घाटन पर्यावरण और वन विभाग के डी.सी.ए संदीप दिव्यज्योति बेहरा ने किया। इस दौरान इग्नू केन्द्र के परिसर में वृक्षारोपण किया गया।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान ज़िले के सभी नौ पुलिस थानों, तीन उप–विभागीय पुलिस अधिकारियों के कार्यालयों और ज़िला पुलिस अधीक्षक के कार्यालय को केरल कें गुणवत्ता प्रंबधन परिषद् द्वारा जारी प्रतिष्ठित आई एस ओ प्रमाणन प्राप्त हुआ है। हाल ही में पोर्ट ब्लेयर के अटलांटा प्वाइंट स्थित पुलिस मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य सचिव केशव चन्द्र ने दक्षिण अंडमान ज़िले के पुलिस अधीक्षक और ज़िले के थानाध्यक्षों को प्रमाणपत्र प्रदान किए। कार्यों में बेहतर प्रदर्शन करने और गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली को बेहतर बनाए रखने के लिए यह सम्मान दिया जाता है, जो ये सिद्ध करता है कि इन द्वीपों के थानों में तैनात कर्मियों द्वारा समर्पण की भावना के साथ अपने कार्यों को अंजाम दिया जा रहा है। मुख्य सचिव ने पुलिस के नागरिक केन्द्रित दृष्टिकोण, तकनीकी उन्नति, क्षमता निर्माण जैसे प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में पुलिस महानिदेशक देवेश चन्द्र श्रीवास्तव और प्रशासन तथा पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

<><><><><><><>

सी.बी.एस.ई द्वारा दसवीं और बारहवीं की अनुपूरक या सुधार परीक्षा में बैठने वाले विद्यार्थियों के लिए ऑनलाईन आवेदन करने के लिए अधिसूचना जारी की गई है। नियमित विद्यार्थियों के लिए संबंधित विद्यालयों द्वारा और निजी उम्मीदवारों को बिना विलम्ब शुल्क के सी.बी.एस.ई पोर्टल पर फार्म पन्द्रह जून तक जमा करने को कहा गया है। दसवीं और बारहवीं कक्षा के अनुपूरक परीक्षा में बैठने वाले या सुधार के लिए आवेदन करने वाले नियमित विद्यार्थियों से अपने–अपने स्कूलों से सम्पर्क करने को कहा गया है।

<><><><><><><>

ग्रेट निकोबार द्वीप में ग्रीन फील्ड अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा परियोजना के लिए सबंधित कम्पनी की ओर से सामाजिक असर आंकलन रिपोर्ट का मसौदा जमा किया गया है। ये रिपोर्ट सभी संबधितों के लिए उपलब्ध है। रिपोर्ट की प्रतिलिपि प्राप्त करने के लिए हितधारक समाज कल्याण विभाग से सम्पर्क कर सकते है। नौ जून की शाम पांच बजे तक इस संबंध में सुझाव और दावे सीधे समाज कल्याण विभाग में लिखित में या मेल के ज़रिए भी भेजे जा सकते हैं। विभाग दस जून को दिन में ग्यारह बजे ग्राम पंचायत गांधीनगर के कार्यालय में जन सुनवाई का कार्यक्रम आयोजित करेगा। सभी संबंधित लोग इसमें शामिल हो सकते है।

<><><><><><><>

कोमोडोर जसवीर सिंह ने एन.एस.आर.वाई का कमान संभाल लिया है। उन्होंने कोमोडोर एम.राजकुमार का स्थान लिया है। इससे पहले कोमोडोर जसवीर सिंह नौसेना मुख्यालय में अपनी सेवाएं दे रहे थे।

<><><><><><><>

एम.वी. स्वराजद्वीप कल पोर्ट ब्लेयर से चेन्नई जाएगा। यात्रियों को जहाज़ पर चढ़ाने का कार्य सुबह सात बजे आरंभ होगा। जहाज कल सुबह नौ बजे हैडों जेट्टी से छूटेगा।

<><><><><><><>

एम.वी भारत सीमा की कल पोर्ट ब्लेयर से लिटिल अंडमान होकर कार निकोबार यात्रा और सात जून को इसकी कार निकोबार से पोर्ट ब्लेयर यात्रा को प्रशासनिक कारणों से स्थगित कर दिया गया है।

<><><><><><><>